हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार,1 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 38.3 डिग्री
न्यूनतम 25.7 डिग्री

12 शरीर को निरोग रखने के लिए जीवन शैली में योग को करें शामिल



12 श्री अमरनाथ यात्रा के लिए बस रवाना



## खबर संक्षेप

### बाइक सवार ने शराब ठेके से 20 हजार लूटे

**पानीपत।** पानीपत के गांव मतरौली में स्थित शराब ठेके पर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। एक बाइक सवार तीन बदमाश आए। जिनमें से दो ठेके के भीतर घुसे। बदमाशों ने सेल्समैन सुरेंद्र निवासी गांव आट्टा जिला पानीपत के सिर पर पिस्तौल की बट मारी। ठेके की सेल के रुपए के अलावा सेल्समैन का पर्स भी लूट लिया। इसके बाद तीनों बदमाश मौके से फरार हो गए।

### पानीपत पुलिस ने लूट का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की एंटी व्हीकल थेप्ट टीम ने समालखा थाना क्षेत्र में जीटी रोड पर गत वर्ष महेश शर्मा पुत्र गोपाल शर्मा निवासी इब्राहिम मंडी, करनाल से गन प्वाइंट पर हुई कार लूट की वारदात में शामिल तीसरे आरोपी सुमित निवासी भैसरवाली, फरीदाबाद को दिल्ली की तिहाड़ जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई।

### सांड ने दो लोगों को टक्कर मारी

पानीपत। पानीपत में आवारा सांड ने पॉश एरिया वृंदा एन्क्लेव निवासी डॉ मनोहर लाल शर्मा व इनके समधी को टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। किसी तरह सांड से मौके पर मौजूद सभी लोगों को बचाया गया।

### थ्री व्हीलर संतुलन बिगड़ने से पलट

**घरौंडा।** पानीपत की तरफ आ रहा सवारियों से भरा एक थ्री व्हीलर संतुलन बिगड़ने के कारण पलट गया जिसमें सवारियों को चोटे आई हैं। बाबरपुर निवासी आशा ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि वह बाबरपुर मंडी से अपने तीन बच्चों को लेकर थ्री व्हीलर में बैठकर घरौंडा की तरफ आ रही थी। थ्री व्हीलर चालक नशे की हालत में था। तेज गति से वाहन चला रहा था और अचानक ही थ्री व्हीलर संतुलन बिगड़ने के कारण डिवाइडर से टकरा गया और पलट गया।

### बरसाती सीजन से पहले हरकत में दिखे परिवहन राज्य मंत्री

# मंत्री ने गंदगी से अटे नाले को देखकर निगम के अफसरों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ अंबाला चंडीगढ़ रोड पर पड़ने वाले मुख्य नालों को देखकर मंत्री गोयल दंग रह गए

बरसाती सीजन लोगों के लिए मुसीबत न बने। इसके लिए परिवहन राज्य मंत्री असीम गोयल हरकत में हैं। रविवार को उन्होंने पूरे शहर के नालों की सफाई का जायजा लिया। जिन नालों में गंदगी मिली इसके लिए निगम अधिकारियों को फटकार लगाई। इस दौरान नगर निगम, जन स्वास्थ्य विभाग,नहरी विभाग, लोक निर्माण विभाग, बिजली विभाग व अन्य विभागों के तमाम अधिकारी मौजूद रहे। परिवहन मंत्री ने सबसे पहले अंबाला चंडीगढ़ रोड पर पड़ने वाले मुख्य नालों का जायजा लिया। यहां हालात देखते ही मंत्री असीम गोयल दंग रह गए। यहां नाले इस कदर ब्लॉक पड़े थे कि मानो सदियों से किसी ने यहां सफाई करना तो दूर सफाई करने की सोची भी नहीं। हालात देखकर परिवहन मंत्री ने तुरंत विभागीय अधिकारियों को फटकार लगाते हुए नाले की सफाई के आदेश दिए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि तुरंत प्रभाव से सभी संबधित विभाग अपना लाव लश्कर लेकर नालों की सफाई में जुट जाएं। मंत्री ने बताया कि बरसाती सीज़न के मद्देनजर सभी विभागों के अधिकारियों के साथ यह दौरा किया गया था। इसमें शहर की बाहरी ड्रेन व शहर के अंदरूनी क्षेत्र के बरसाती व मुख्य नालों का जायजा लिया है। सभी हमारे सफाई सेनानी रविवार को भी अपने काम पर मुस्तैद है। कई जगह कमियां मिली है। संबंधित अधिकारियों को ठीक करने के निर्देश दिए गए है।



नालों की सफाई को लेकर अधिकारियों को जरुरी निर्देश देते मंत्री असीम गोयल।

#### घग्गर नदी में बाढ़ से बचाव के बंदोबस्त किए जा रहे

मंत्री ने कहा कि यदि पिछली बार की तरह बाढ़ के हालात बनते है तो घग्गर नदी में बाढ़ से बचाव के बंदोबस्त किए जा रहे हैं। बंधो को पक्का किया जा रहा है। अधिकारियों को निर्देश दिए है कि मानसून में शहरवासियों को कोई समस्या न आने पाए। इस अवसर पर पूर्व मेयर रमेश मल, निगम सदस्य मनीष आनंद मन्नी, यतिन बंसल, सुंदर ढींगरा, मंडल अध्यक्ष हरीश शर्मा, रामचंद्र सैनी, अमन सूद, महामंत्री प्रीतम सिंह गिल, स्वर्ण सैनी, सुरेंद्र घई टीटू, सुरेंद्र मल्होत्रा, सुखविंद्र सौंडा, संजीव गोयल टोनी, यशपाल सद्दोपुर व गुरविंदर सिंह मौजूद रहे।

## पिस्तौल के बल पर बदमाशों ने लाहोरी जीरे से भरा ट्रक लूटा

### अभी तक नहीं लगा बदमाशों का सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



■ महेशनगर पुलिस ने लूट मामला दर्ज कर जांच शुरू की

चालक को पेड़ पर गमछे से बांध 4 बदमाश ट्रक लूटकर फरार हो गए। ट्रक में लोहारी जीरे की 2200 पेटियां थी। घटना शुक्रवार देर रात हरियाणा-पंजाब के सद्दोपुर बॉर्डर के पास की है। ट्रक ड्राइवर ने मालिक पहुंचने के बाद बलदेव नगर थाने में शिकायत सौंपी है।

बिहार के गांव खविनी (अरवल) के लालन पंडित ने बताया कि वह पिछले 4 साल से दिल्ली के सतनाम के साथ बतौर चालक काम कर रहा है। 28 जून की शाम 7 बजे वह पंजाब से 2200 पेटी लोहारी जीरा की लोड करके दिल्ली के जहांगीरपुरी के लिए रवाना हुआ था। वह रात 10 बजे अपनी गाड़ी लेकर पंजाब-हरियाणा के बार्डर सदोपुर पहुंचा। यहां कांबोज फीलिंग स्टेशन के साथ ट्रक लाइन में गाड़ी खड़ी करके टायरों की हवा चेक करने लगा। तभी 4 आदमी आए जिन्होंने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। चारों ट्रक के अंदर केबिन में घुसे,इनमें से एक बदमाश ने उसके सिर पर पिस्तौल रख दी और कहा कि अगर आवाज की तो तेरे को मार देंगे। एक बदमाश ने गाड़ी चलानी शुरू कर दी। उसको केबिन में ही सीट पर बैठा लिया। शाहाबाद से थोड़ा आगे चल कर गाड़ी को जीटी रोड के किनारे खड़ा कर दिया। यहां उसे सड़क से थोड़ी दूर ले जाकर पेड़ से गमछे के साथ बांध दिया।

ड्राइवर ने बताया कि यहां से चारों लुटेरे गाड़ी को लेकर फरार हो गए। वह बड़ी मुश्किल से 2-3 घंटे बाद अपने हाथ खोले और सड़क पर आकर अपने मालिक को किसी का फोन लेकर सूचित किया। सूचना मिलने के बाद ट्रक मालिक सतनाम सिंह मौके पर पहुंचा। बलदेव नगर थाने की पुलिस ने लुटेरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पानीपत में शराब पार्टी में युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

■ कहासुनी के दौरान गर्दन में शराब की बोतल तोड़ कर घोप दी

पानीपत के गांव बलाना मोड़ के पास शराब पार्टी में मोनू पुत्र राजबीर निवासी गांव उग्राखेडी जिला पानीपत की गर्दन में शराब की बोतल तोड़ कर घपो दी, गर्दन कटने से मोनू की मौके पर मौत हो गई। पता चला है कि गांव बलाना में शिवालिका फैक्टरी में मोनू, मोहित, राकेश, सुनील चार दोस्त जो फैक्ट्री में एक साथ काम करते थे, सभी आपसी दोस्त थे शनिवार को देर रात्रि फैक्टरी से काम खत्म करके गांव नौल्था से बलाना रोड़ पर शराब का ठेका पर शराब ली, कुछ दूरी पर एक साथ शराब पी, इस दौरान किसी बात को लेकर कहसुनी हुई। इस दौरान मोनू की हत्या कर दी गई। इधर, थाना इसराना पुलिस ने मोनू के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है, जांच पूरी होने के बाद ही पता चल पाएगा कि मोनू की हत्या क्यों और किसने की।

### फंदे पर लटका मिला कर्मचारी का शव

**नीलोखेड़ी।** किसान बस्ती में सावन इंटरप्राइजेज जोकि भाटिया बाक्स फैक्ट्री के नाम से भी जानी जाती है सुबह 5 बजे कर्मचारी का शव फंदे पर लटका मिला। इस बारे चौकी इंचार्ज मुकेश कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और शव को फंदे से उतारा और उसके परिवार को सूचित किया। उन्होंने बताया कि युवक का नाम मंजय पासवान है और बिहार गोधा का निवासी है और लगभग पिछले 25 दिनों से सावन इंटरप्राइजेज में कार्यरत है। इस बारे कर्मचारी होल्टन पासवान ने बताया कि वह और मंजय पासवान रात इकट्ठे खाना खाकर सोए थे और सुबह उठने पर मंजय पासवान फंदे पर लटका मिला।

## राष्ट्रहित के लिए काम कर रही है भाजपा सरकार

### विधायक अरोड़ा गांव दड़वा में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में बोले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ बुड़िया मंडल के गांव दड़वा में चल रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण

भाजपा के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरी हैं। राष्ट्रहितों की रक्षा के लिए भाजपा हमेशा तत्पर रहती है। उक्त शब्द सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने रविवार को बुड़िया मंडल के गांव दड़वा में शक्ति केंद्र के त्रिदेव व पन्ना प्रमुखों की आयोजित बैठक में कहे। उन्होंने मौके पर विकास कार्यों का निरीक्षण किया और नजदीक के गांव मंडी में चल रहे तालाब के सफाई कार्य कार्य का जायजा लिया। कार्यकर्ताओं ने सिटी विधायक का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने त्रिदेव व पन्ना प्रमुखों के साथ विकास कार्यों पर चर्चा की।

उन्होंने त्रिदेव व पन्ना प्रमुखों को प्रदेश व केंद्र सरकार की योजनाओं व नीतियों को घर घर पहुंचाने के लिए आहवान किया। उन्होंने गांव मंडी में पहुंचकर वहां चल रहे तालाब की साफ सफाई के कार्य का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए। उन्होंने तालाब की सफाई कार्य को जल्दी पूरा करने के लिए निर्देश दिए।

विधायक ने कहा कि यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न गांवों में स्थित तालाबों का ऐसे ही औचक निरीक्षण किया जाएगा और उन्में किए जा रहे सफाई कार्य को जल्द पूरा करवाने पर बल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में तालाबों के रखरखाव पर करोड़ो रुपये खर्च किए जा रहे हैं।



यमुनानगर के गांव दड़वा में आयोजित पन्ना प्रमुखों की बैठक में विधायक घनश्याम दास अरोड़ा का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## बाइक सवार ने महिला के गले से झपटी चेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

■ रात्रि आठ बजे बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया

बाइक सवार युवकों द्वारा पैदल चल रही महिला के गले से झपटी सोने की चेन छीनने का मामला सामने आया है। पुलिस में दर्ज शिकायत में नन्द कॉलोनी निवासी महिला दीपा ने बताया कि गत रात्रि 8 बजे वह अपने लड़के के साथ प्राचीं रोड मन्दिर से अपने घर नन्द कलोनी में पैदल जा रही थी। जब वे थोड़ी देर बाद कैथल रोड नजदीक गुप्ता पेटोल पम्प के सामने पहुंचे तो उनके पीछे 2 मोटरसाइकल सवार नौजवान लड़के आए और एक दम उसके गले से सोने की चेन को झपटामार कर छीन कर ले गए। उसने पुलिस को बताया कि वह जो वे मोटरसाईकिल पर सवार दो नौजवान लड़कों को पहचान सकती है। महिला दीपा ने पुलिस से गुहर लगाई कि मोटरसाईकल सवार लड़कों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर उसकी सोने की चैन को बरामद करवाया जाए।

## शिविर में 304 यूनिट रक्त किया एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

■ शिविर विशेष रूप से थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों के लिए लगाया गया

सूर्या रोशनी लिमिटेड व जिला रेडक्रास सोसायटी के सौजन्य से इंद्री के देवी मंदिर में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर विशेष रूप से थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों के लिए लगाया गया। इस शिविर में करीब 304 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर में महिलाओं ने विशेष रुचि दिखाते हुए रक्तदान किया। इस बारे में जानकारी देते हुए डा संजय वर्मा ने कहा कि रक्तदान का कोई भी नुकसान नहीं है बल्कि फायदे ही फायदे है। रक्तदान करने से हमारा शरीर तंदुरुस्त रहता है। प्रत्येक युवा को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो युवा रक्तदान करते है उनको मिलने वाले सर्टिफिकेट के कारण सरकारी नौकरियां में अलग से नंबर दिए जाते है। डा. वर्मा ने बताया कि करनाल जिले में इंद्री हल्के का रक्तदान करने में पहला स्थान है। इस मौके पर समाजसेवी कपिल किशोर ने बताया कि थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों के लिए यह 25वां रक्तदान शिविर है। कपिल ने कहा कि थैलेसीमिया बीमारी का कोई इलाज अभी तक नहीं मिला है। इसका एक मात्र विकल्प बार बार रक्त को बदलना ही है। ऐसे जरूरतमंद मरीजों को रक्त की कमी ना हो इसके लिए ही ऐसे रक्तदान शिविरों को लगाया जाता है।

#### इन्होंने सहयोग दिया

इस रक्तदान शिविर में नरेश गुप्ता, गगन सिंगला, वैभव सिंगला, रोहित जिंदल, राकेश गर्ग,विपिन लूथरा, हिमांशु भाटिया, सुखबीर शर्मा, हिमांशु जिंदल, अमित सिंगला, संजीव मलिक, चिराग मेहता, दिनेश शर्मा बंटी, रवि , राजेश , पुलकित वर्मा, करणदीप सिंह, पवन अरोड़ा, प्रदीप कुमार, अंकित व आवेश आदि का सहयोग रहा।



इंद्री के देवी मंदिर में लगे रक्तदान शिविर मे रक्तदान करते रक्तदाता व उपस्थित आयोजक ।

### राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पर विशेषः आमजन को ब्रेन के रोगों के प्रति किया जागरूक

# विश्वभर में बढ़ रहे ब्रेन ट्यूमर के मरीज : डॉ.जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

डॉ. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र के न्यूरो सर्जन डॉ.हिमांशु जैन ने बताया कि ब्रेन ट्यूमर जैसी गंभीर व जानलेवा बीमारी के बारे में आज आमजन को जागरूक करना व गलत धारणाएं खत्म करना अति जरूरी हैं। डा जैन राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे की पूर्व संध्या रविवार को दीप पब्लिक सीनियर सेकेंडरी गांव टाटका में आयोजित निशुल्क कैंप में विचार व्यक्त कर रहे थे। डॉ.जैन ने कहा कि ब्रेन ट्यूमर मरीजों को अपथ्य खानपान, स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही, अल्कोहल व धूम्रपान का सेवन, वंशानुगत, शरीर में किसी अन्य भाग में अगर कैंसर है, तो ब्रेन में भी पहुंचने की संभावना बढ़ सकती है। कार्यस्थल पर रेडिएशन, कैमिकल और पेस्टीसाइड का अधिक मात्रा में होने के कारण विश्व में दिन प्रतिदिन ब्रेन ट्यूमर के मरीज बढ़ते जा रहे है। शिविर में विशिष्ट अतिथि समाजसेवी बैसाखी राम व कमलजीत कौर ने कहा कि डॉ हिमांशु जैन ने जीवन में सेवा के सूत्र को अपनाते हुए जो जनसेवा का अभियान चलाया हुआ है, वह सराहनीय कार्य है। उन्होंने ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन डॉ हिमांशु जैन, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ.रूचि जैन, एक्सपरटाइज मेडिकल कैंपस डॉ संजय शर्मा, डॉ गुरवीर कौर और डॉ शालू का स्वागत व अभिनन्दन किया। डॉ.संजय शर्मा के नेतृत्व में आयोजित 1929वें निशुल्क कैंप में 142 रोगियों को परामर्श, चैकअप, ब्लड शुगर, प्लस रेट, हिमोग्लोबिन व फ्री दवाइयां दी गई। कैंप को सफल बनाने में अंजू, सौरभ, पिंकी, प्रवीण, विशाल, कुलदीप कि विशेष भूमिका रही।



**कुरुक्षेत्र।** मरीजों को संबोधित करते डॉ.जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र के न्यूरो सर्जन डॉ हिमांशु जैन। फोटो : हरिभूमि

#### ब्रेन ट्यूमर के शुरूआती लक्षण

डॉ जैन ने बताया कि ब्रेन ट्यूमर के शुरूआती लक्षणों में पहले सिर में लगातार हल्का दर्द रहना व धीरे धीरे अधिक बढ़ना, चक्कर आना, उल्टी आना, आखों की रोशनी कम होना या धुंधला दिखाई देना, हमेशा हाथ- पैर में सनसनी होना, सोचने, बोलने और भाषा को समझने में कठिनाई होना, सुनने, स्वाद या स्मेल में दिक्कत होना, शरीर के एक हिस्से में कमजोरी आना, व्यक्ति का संतुलन खोना या फिर बार-बार चक्कर आना, भ्रम और भटकाव की स्थिति पैदा होना शामिल हैं।

#### रोकथाम के उपाय

डॉ जैन ने बताया कि ब्रेन ट्यूमर की रोकथाम हेतु योगा करना, बायोप्सी के जरिए यह पता लगाया जाता है कि शरीर में कैंसर किस जगह व कितना है, इसीलिए बायोप्सी कराना भी लाभदायक होता है। ट्यूमर जब ज्यादा बढ़ जाता है और उसका इलाज संभव नहीं हो पाता, तो डॉक्टर ब्रेन सर्जरी की सलाह देते हैं। अतः तंबाकू के सेवन से बचें। ट्यूमर के मरीज को इससे बहुत परहेज करना चाहिए। अधिक वजन से भी कई सारी बीमारियां हो जाती हैं, इसीलिए वजन को नियंत्रित रखना चाहिए।किसी भी तरह के कैंसर से बचने के लिए टीकाकरण कराते रहना चाहिए।

### युवक पर की फायरिंग बाल बाल बचा

**शाहबाद।** गांव मदनपुर में चार युवकों द्वारा मदनपुर के नवयुवक अर्षदीप पर गोली चलने का मामला आया है। दोपहर लगभग 3 बजे गांव मदनपुर में चार युवक ऑलटो कार में सवार होकर मदनपुर के खेतों में काम करने वाले अर्षदीप और उसके भाई पर देसी कट्टे से फायरिंग की। गनीमत रही कि अर्शदीप के कांन के पास से गोली निकल गई । आपसी रंजिश का मामला बताया जा रहा है। गांव वीसियो ने डायल 112 पर संपर्क किया और मौके पर डायल 112 के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। चार युवकों में से दो युवकों को गांव वासियों ने खेतों में से भागते हुए पकड़ लिया, जबकि दो युवक भागने में सफल हो गए। पुलिस ने दोषियों से एक देसी कट्टा और एक राउंड कब्जे में लिया। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ललित कुमार ने बताया कि मामले की जांच करने के बाद पता चलेगा कि वारदात का क्या कारण है और यह नवयुवक कहां के हैं।

## हाईवे पर दो ट्रकों में हुई टक्कर, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ हादसा जग्गी सिटी सेंटर के पास हुआ

नेशनल हाइवे पर हुए हादसे में ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। हादसा जग्गी सिटी सेंटर के पास हुआ। मृतक की शिनाख्त यूपी के गांव राजपुरा के कुलदीप के रूप में हुई है। ट्रक ड्राइवर शाहाबाद से लुधियाना वापस लौट रहा था। बलदेव नगर थाने की पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेते हुए आरोपी दूसरे ट्रक ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यूपी के गांव नगला भोपाल के प्रशांत ने बताया कि वह कार ड्राइवर है। उसके जीजा कुलदीप भी ट्रक ड्राइवर थे। उसके दोस्त की कॉल आई कि जीजा कुलदीप का अंबाला में एक्सीडेंट हो गया है। वह अंबाला शहर के सिविल अस्पताल पहुंचा। यहां गंभीर हालत को देखते हुए उसके जीजा को दिल्ली एम्स के लिए रेफर कर दिया था। वह अपने जीजा को दिल्ली लेकर जा रहा था, बीच रास्ते में उसके जीजा ने इशारा करके ट्रक दिखाया, जहां एक्सीडेंट हुआ था। उसके जीजा ने बताया कि वह ट्रक में माल खाली करके शाहाबाद से वापस लुधियाना जा रहा था। जग्गी सिटी सेंटर के पास पहुंचा तो यहां सड़क की साइड में बिना सिग्नल के एक ट्रक खड़ा था। जिसमें टकराने से यह एक्सीडेंट हो गया। वे पानीपत के पास पहुंचे तो उसके जीजा की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। वह जीजा को सिविल अस्पताल पानीपत लेकर पहुंचा। यहां उसके जीजा की इलाज के दौरान मौत हो गई। बलदेव नगर थाने की पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### दादाभाई नौरोजी की मनाई पुण्यतिथि

**रादौर।** कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रादौर में कार्यक्रम आयोजित कर भारत के ग्रैंड ओल्ड मैन दादाभाई नौरोजी की श्रद्धापूर्वक पुण्य तिथि मनाई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में कांग्रेस के रादौर विधायक डॉ. बीएल सैनी ने भाग लिया। मौके पर विधायक डॉ. बीएल सैनी व कार्यकर्ताओं ने दादाभाई नौरोजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। विधायक डॉ. बीएल सैनी ने बताया कि दादा भाई नौरोजी का जन्म 4 सितंबर 1825 को मुंबई के एक गरीब पारसी पुरोहित परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम नौरोजो पलांजी डोरडी था। भारत में स्वतंत्रता आंदोलन की नींव दादाभाई नौरोजी ने रखी थी। वह एक सच्चे देशभक्त थे। भारत के ग्रैंड ओल्ड मैन दादा भाई नौरोजी ने ईस्ट इंडिया एसोसिएशन की स्थापना कर भारतीयों की सहायता करने और उनकी स्थिति को सुधारने के लिए तमाम तरह की कोशिश की।

### सूने घर से हजारों का सामान चोरी

**यमुनानगर।** जगाधरी के सेक्टर 17 में सूने घर से चोरों ने हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। वहीं, एक अन्य स्थान पर एक किसान के खेतों से हजारों रुपये की बिजली की मोटर चोरी हो गई। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामले दर्ज कर लिए। जानकारी के मुताबिक जगाधरी के सेक्टर-17 निवासी अंकुर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह चंडीगढ़ में नौकरी करता है और परिवार समेत वहीं पर रहता है। वह जगाधरी में खेती बाड़ी का काम करता है। जिसे देखने के लिए वह जगाधरी में आता जाता रहता है। गत 16 जून को वह जगाधरी स्थित अपने घर को ठीक ठाक छोड़कर चंडीगढ़ चला गया था। गत शाम वह चंडीगढ़ से जगाधरी अपने घर पर पहुंचा तो ड्राइंग रुम के शीशे टूटे मिले और ताला भी टूटा हुआ था। उसने घर के भीतर जाकर देखा तो

### किसान के नलकूप से बिजली की मोटर चोरी

गांव दौलतपुर निवासी बिलाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सुबह के वक्त वह अपने खेतों में गया तो नलकूप से बिजली की मोटर गायब थी। उसने आसपास के खेतों में काम कर रहे पड़ौसी किसानों से पूछा तो मोटर के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली।

## सभी ने मुख्यमंत्री के ऑनलाइन सम्बोधन सुना

# सरकार गरीबों को मुख्यधारा में लाने का कर रही प्रयासः कंवरपाल

कृषि मंत्री ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन वितरण योजना के 4215, डॉ. बीआर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के 512 तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना लाभ वितरण योजना के 451 लाभार्थियों को दी करोड़ों रुपये की सौगात


**यमुनानगर।** आयोजित जिलास्तरीय समारोह में लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भेंट करते कृषि मंत्री कंवरपाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन वितरण योजना के 4215, डॉ. बीआर अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के 512 तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना लाभ वितरण योजना के 451 लाभार्थियों को करोड़ों रुपये की सौगात के प्रमाण पत्र वितरित किए। मौके पर सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा भी मौजूद रहे। मौके पर सभी ने मुख्यमंत्री के ऑनलाइन सम्बोधन को भी सुना। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कहा कि केंद्र व राज्य की सरकार देश व प्रदेश के गरीब, शोषित, वङ्क्षचत व पीड़ित को मुख्यधारा में लाने का प्रयास कर रही है। सरकार द्वारा गरीब परिवारों के हितों के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनका गरीबों को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज बीआर अम्बेडकर आवास योजना के तहत वर्ष 2023-24 में 512 लोगों को 4 करोड़ 10 लाख रुपये का लाभ मिला। जबकि इस योजना के तहत आज 25 नए लोगों को 80-80 हजार रुपये उनके खाते में दिए गए। उन्होंने कहा कि सामाजिक सम्मान पैंशन जिनमें वृद्धावस्था सम्मान भत्ता 3549, दिव्यांग पैशन 106, बेसहारा व विधवा सम्मान भत्ता 298 व अविवाहित व विधुर 262 लाभार्थियों को करीब 4215 लाभार्थी बनते हैं। जिन्हें 3000 रुपये उनके खाते में भेजे गए। यह राशि करीब 12 करोड़ 65 लाख रुपये बनती है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना लाभ वितरण योजना के तहत 451 लाभार्थियों को एक एक लाख रुपये की राशि के अधिकार पत्र वितरित किए जो कि 4 करोड़ 51 लाख रुपये बनती है।

### 20 करोड़ की राशि लाभार्थियों के खाते में भेजी

इसी प्रकार आज जिला स्तरीय कार्यक्रम में 20 करोड़ रुपये की राशि लाभार्थियों के खाते में भेजी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने जिस व्यक्ति के पास अपना मकान नहीं है उसके सपने को साकार करने के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में प्लॉट अलॉटमेंट लेटर वितरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने निर्णय लिया है कि जिस गांव में पंचायती जमीन नहीं है उस गांव में गरीब व्यक्ति को प्लॉट खरीदने के लिए 1 लाख रुपये देने का निर्णय लिया है जिसके तहत आज जिले के 451 लोगों को एक.एक लाख रुपये का अधिकार पत्र दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है कि 2047 में भारत विकसित देश बने जिसकी शुरुआत हो चुकी है। कार्यक्रम में एडीसी आयुष सिन्हा, सीईओ जिला परिषद पंकज सेतिया, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, डीआईओ विनय गुलाटी, जिला कल्याण अधिकारी शीशपाल माहला, जिला समाज कल्याण विभाग के अनुभाग अधिकारी धीरज सैनी व बीडीपीओ श्याम लाल आदि मौजूद रहे।

# भूड़कलां विश्रामगृह में सरपंचों की हुई बैठक

- सरपंचो के साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़ी है प्रदेश सरकार : कंवरपाल


**यमुनानगर।** भूड़कलां विश्रामगृह में आयोजित प्रतापनगर सरपंच एसोसिएशन की बैठक में सरपंचो से विकास कार्यों की जानकारी लेते हुए कृषि मंत्री कंवरपाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा सरकार ने सरपंचो की अधिकांश मांगे मान ली हैं। प्रदेश सरकार सरपंचो के साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़ी है और किसी भी गांव में विकास कार्यों में कमी नहीं रहने दी जा रही है। उक्त दावा हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने रविवार को प्रतापनगर खंड के सरपंचो की भूड़कलां विश्राम गृह में आयोजित बैठक में जताया। मौके पर सरपंचो ने कृषि मंत्री कंवरपाल को फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता प्रताप नगर खंड की सरपंच एसोसिएशन के प्रधान विजय कुमार मिंटू ने की।

कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा हर गांव में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। किसी भी गांव में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सरपंचो के साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़ी है।

प्रदेश सरकार ने सरपंचो की अधिकांश मांगो को मान लिया है। उन्होंने कहा कि सरपंचो के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले हैं।

# सुअर पालन योजना सभी योजनाओं से सबसे सस्ती व लाभकारी: कैप्टन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही सुअर पालन योजना अपनाकर लोग अपनी आर्थिक स्थिति सुधार सकते हैं। सरकार की सूअर पालन योजना देश की सभी योजनाओं में से सबसे सस्ती व कम लागत और मुनाफा देने वाली योजना है। उक्त जानकारी जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने दी। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि हमारे देश में सुअर पालन का कार्य बहुत पुराने समय से किया जा रहा है। देश में ही नहीं अन्य देशों में सुअर के मांस का सबसे अधिक प्रयोग किया जाता है। इसके अलावा इससे कॉस्मेटिक प्रोडक्ट व दवाइयां भी बनाई जाती हैं। उन्होंने बताया कि सुअर पालन व्यवसाय शुरू करने के लिए सरकार द्वारा अनुदान पर ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। इस योजना को चालू करने के लिए बैंकों और नाबार्ड द्वारा 12 प्रतिशत वार्षिक ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा सुअर पालन के लिए एक लाख रुपये तक की धन राशि पर सब्सीडी दी जाती है। इससे अधिक राशि लेने पर अपने एरिया के नाबार्ड खेती परियोजना अधिकारी से सम्पर्क करके इनमे छूट लेने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि एक लाख रुपये पर कोई ब्याज नहीं देना पड़ता। एक लाख रुपये से अधिक राशि पर 15 से 25 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देना पड़ता है। उन्होंने बताया कि सरकार की नाबार्ड की सुअर पालन योजना के अंतर्गत ऋण राशि पर 20 से 30 प्रतिशत सब्सीडी प्रदान की जाएगी। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि पशु पालन व्यवसाय में अन्य पशुओं की अपेक्षा सुअर पालन व्यवसाय को सबसे सस्ता व्यवसाय माना गया है। इसका मुख्य कारण मार्किट में मांस की मांग तेजी से बढ़ रही है।

दूसरी ओर इस पशु को पालने का लाभ यह भी है कि एक मादा सुअर एक बार में 5 से 14 बच्चे देने की क्षमता रखती है।

# कंवरपाल का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा शारीरिक शिक्षक संघ के सदस्यों ने पीटीआई से टीजीटी एवं डीपीई फिजिकल एजुकेशन के पद पर प्रमोशन होने पर हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल का धन्यवाद किया। उन्होंने कृषि मंत्री कंवरपाल के गले में पुष्प माला पहनाकर व शक्ति स्वरुपा मां दुर्गा की मूर्ति भेंटकर उनका अभिनंदन किया। रविवार को कृषि मंत्री का आभार प्रकट करने के लिए हरियाणा शारीरिक शिक्षा संघ के सदस्य जगाधरी स्थित कृषि मंत्री के आवास स्थान पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कृषि मंत्री कंवरपाल को शक्तिस्वरुपा मां दुर्गा की मूर्ति भेंटकर अभिनंदन किया और उनके गले में पुष्प माला पहनाकर उनका आभार प्रक्ट किया। इस अवसर पर हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए हरियाणा शारीरिक शिक्षा संघ के सदस्य गोपाल सिंह, अग्निवेश, देवेन्द्र, नवदीप, राजकुमार, विशाल, शक्ति, सतपाल, अजय, नरेन्द्र, विशाल, कुलदीप, अजय, रोहित अरोड़ा, ओमकार, विकास मैहला व हरजिन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।


**यमुनानगर।** जगाधरी में कृषि मंत्री कंवरपाल को मां दुर्गा का मूर्ति भेंटकर उनका अभिनंदन करते हुए हरियाणा शारीरिक शिक्षा संघ के सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

# नालों की सफाई व्यवस्था में नही रहने दें कोई कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

बारिश के मौसम में ट्विन सिटी में जलभराव की समस्या ना हो के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे नालों के सफाई अभियान का उप निगम आयुक्त डॉ. विजयपाल यादव ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें सफाई अभियान में कई स्थानों पर खामियां मिली। जिस पर उन्होंने संबंधित सफाई अधिकारियों, कर्मचारियों व ठेकेदार को दिशा निर्देश दिए और सफाई व्यवस्था में कोई कमी नहीं रहने के लिए आहवान किया। उप निगम आयुक्त डॉ. विजयपाल यादव दोपहर के समय सीएसआई हरजीत सिंह, पब्लिक हेल्थ के एसडीओ सन्नी सिंह, जेई अजय कुमार, जेई मनीष कुमार, सफाई निरीक्षक प्रदीप दहिया, सुमित लाठर व सचिन कांबोज आदि के साथ सबसे पहले शहर के शहीद भगत सिंह चौक पर पहुंचे। यहां अंडरग्राउंड नालों के चैंबर के ढक्कनों पर गंदगी मिली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से गंदगी को साफ करने के निर्देश दिए। ताकि पानी की निकासी सही तरीके से हो सके। इसके बाद वह अधिकारियों के काफिले के साथ शहर के मॉडल टाउन में रिक्शा चौक पर पहुंचे। जहां पर उन्हें अंडरग्राउंड नालों के चैंबर व ढक्कनों में गंदगी फंसी मिली। यही हालात मेला सिंह पर नजर आए।


**यमुनानगर।** नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा नालों की सफाई अभियान का निरीक्षण करते हुए उप निगम आयुक्त डॉ. विजयपाल यादव व अन्य अधिकारी।

### कबाड़ी का काटा पांच हजार का चालान

उप निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव व अन्य अधिकारी जब शहर के जिंदल पार्क के नजदीक पहुंचे तो नाले पर एक कबाड़ी द्वारा कब्जा किया हुआ मिला। वहीं, कबाड़ी का कुछ कचरा नाले में पड़ा हुआ मिला। जिस पर उप निगम आयुक्त ने संबंधित सीएसआई को कबाड़ी का पांच हजार रुपये का चालान करने के निर्देश दिए। वहीं, नाले पर रखे सामान को जल्द से जल्द न उठाने व दुकान को सील करने के निर्देश दिए।

# भाजपा ने ओबीसी वर्ग का राजनीतिक व सामाजिक उत्थान का किया कामः चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

ओबीसी वर्ग को यदि किसी ने राजनीतिक सामाजिक उत्थान का काम किया तो वह केवल भारतीय जनता पार्टी ने किया है। उक्त शब्द भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं निवर्तमान मेयर मदन चौहान ने रविवार को अपने कार्यालय पर पत्रकारों बातचीत करते हुए कहे। उन्होंने कांग्रेस पर भी जमकर प्रहार किया है। निवर्तमान मेयर मदन चौहान ने कहा कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है। तब से प्रदेश में हर वर्ग का विकास हुआ है।ओबीसी वर्ग को भाजपा ने काफी आगे ले जाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी आश्रित जो पेंशन सरकार द्वारा लगाई गई थी उसमें काफी बढ़ोतरी की गई है। अब उन्हें करीब 40 हजार पेंशन मिलेगी। इसके अलावा हरियाणा की सरकार ने कई बड़े ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जनता को प्लाट देने का काम किया है।


**यमुनानगर।** अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए निवर्तमान मेयर मदन चौहान।

# सुमीत बने भाजपा लघु उद्योग सेल के प्रदेश सह संयोजक

- कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी, सुमित गुप्ता ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की ओर से सुमीत गुप्ता यमुनानगर को लघु उद्योग प्रकोष्ठ (एमएसएमई सेल) का प्रदेश सह संयोजक नियुक्त करने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है। कार्यकर्ताओं ने रविवार को सुमित गुप्ता की नियुक्ति पर मिठाई बांटकर खुशी जताई और उन्हें बधाई दी। नवनियुक्त प्रदेश सह संयोजक सुमित गुप्ता ने उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी दिए जाने पर भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बाबा अमित बिंदल , भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताया है। इससे पहले सुमित गुप्ता भाजपा में उद्योग प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक, जिला मीडिया प्रभारी और जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सम्भाल चुके हैं। सुमित गुप्ता ने बताया कि वह इस दायित्व को सच्ची निष्ठा और ईमानदारी से निभायेंगे। उन्होंने इस दायित्व के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी, भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बाबा अमित बिंदल, विधायक घनश्याम अरोड़ा, कृषि मंत्री कंवरपाल, जिला अध्यक्ष राजेश सपरा और भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। सुमीत ने कहा कि भाजपा कैडर आधारित पार्टी है जिस में कार्यकर्ता अपनी मेहनत से कोई भी दायित्व सम्भाल सकता है। सुमीत ने कहा कि भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई है जिस में यमुनानगर से हेमंत कुमार गुप्ता और ललित गुप्ता का नाम शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अभी कार्यकारिणी का और विस्तार किया जाएगा जिस में जिले से और नाम आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि जो दायित्व उनको मिला हैए उसके जरिए वे लोगों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उनका प्रयास रहेगा कि लघु उद्योग प्रकोष्ठ के जरिए व्यापारियों और सरकार के बीच तालमेल स्थापित करके सभी समस्याओं का निवारण करवाया जा सके।


**यमुनानगर।** अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री समेत शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रक्ट करते हुए सुमित गुप्ता।

# शिविर में 75 महिलाओं के रक्त की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

भारत विकास परिषद शाखा रादौर की महिला विंग के तत्वावधान में रविवार को गांव रादौरी में महिलाओं के लिए निःशुल्क रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। रक्त जांच शिविर की अध्यक्षता महिला विंग की अध्यक्ष अनीता पुजारा ने की। शिविर में लैब तकनीशियन सुरेन्द्र कांबोज व उनकी टीम ने लगभग 75 महिलाओं व बच्चियों के रक्त की जांच कर हीमोग्लोबिन चैक किया। जिन महिलाओं में हीमोग्लोबिन कम पाया गया उन्हें परिषद की ओर से मुफ्त गुड़, चना व दवाई दी गई। इस अवसर पर डॉ. बिमल गर्ग, डॉ. सतीश कांबोज व डॉ. बलदेव सैनी द्वारा महिलाओं को हीमोग्लोबिन के महत्व बारे बताया गया। मौके पर परिषद की प्रांतीय महिला सह संयोजिका सविता गुप्ता, अध्यक्ष ललित माटिया, सचिव विनोद गर्ग, प्रकल्प प्रमुख सोनम आहूजा, अशोक आहूजा, कुलदीप गुप्ता, संजय कांबोज आदि थे।


**यमुनानगर।** रादौरी में आयोजित रक्त जांच शिविर में महिलाओं व बच्चियों के रक्त की जांच करते हुए चिकित्सक।

## जगाधरी स्थित आश्रम में आयोजित किया धार्मिक संकीर्तन कार्यक्रम

# ब्रह्मनिष्ठ संत ही दिखा सकता है मानव के मन को दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में धार्मिक संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें साध्वी सुयशा भारती ने मानवीय जीवन के महत्व से साध संगत को अवगत करवाया। मौके पर भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। साध्वी सुयशा भारती ने फरमाया कि मनुष्य का प्रत्येक पुरुषार्थ केवल मन की प्रसन्नता एवं संतुष्टि के लिए होता है। चाहे वह क्षण भर के लिए ही क्यों न हो।आज मानवीय जीवन की विडंबना एवं दुर्दशा का सबसे बड़ा कारण केवल यही है। अगर हम एकांत में बैठकर विचार करें तो शायद अपने जीवन में दुख के कारण और सुख के स्त्रोत को ढूंढ पाएँगे। उसके लिए सर्वप्रथम हमारे मन को दिशा दिखाने वाले एक ब्रह्मनिष्ठ संत की आवश्यकता है। वे ब्रह्मज्ञान के द्वारा हमारे मन को पूर्णतः परिवर्तित करने में सक्षम हैं। वे मन को उसका वास्तविक स्वरूप दिखाकर उसे पुनः ब्रह्म में स्थापित करके सदा के लिए आनंदमय बनाते हैं। भगवान को चढ़ाए जाने वाला पुष्प हमारे मन का प्रतीक है। लेकिन इस पुष्प को यदि समय रहते ईश्वरीय चरणों में ना अर्पित किया जाए तो टूटकर बिखरना इसकी नियति है। मन उस अबोध बालक की तरह है जो हित अहित का विचार किए बिना ही व्यक्ति, वस्तु या स्थान की ओर आकर्षित हो जाता है और उसे पाने के लिए हठ करता है। यदि इसकी हठ पूरी न हो तो यह व्यक्ति को चिंता, तनाव, निराशा या आत्म हत्या तक भी पहुँचा देता है। ऐसा मन अस्वस्थ है और इसका केवल एक ही कारण है कि हमारा मन स्वस्थ एवं सकारात्मक विचारों रूपी भोजन से वंचित रहता है। मन ब्रह्म स्वरूप है। जब तक यह पुनः ब्रह्म में प्रतिष्ठित नहीं होता तब तक यह अशांत और विचलित ही रहता है।



**यमुनानगर।** धार्मिक संकीर्तन कार्यक्रम में मानवीय जीवन के महत्व को बताती साध्वी भारती व श्रवण करती साध संगत।

# गंदगी के ढेर से रादौरवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

सफाई व्यवस्था सुचारू करने और नगर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए लाखों रुपये खर्च करने के बावजूद रादौर में जगह-जगह गंदगी के ढ़ेर पड़े होने से लोग परेशान हैं। आलम यह है कि नपा द्वारा कस्बा को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए सफाई अभियान पर लाखों रुपये खर्च किए जा चुके हैं। मगर इसके बावजूद नगर में सफाई व्यवस्था में कोई सुधार नहीं है। कस्बावासियों ने कस्बा में जगह जगह पड़े गंदगी के ढ़ेर उठवाए जाने की मांग की। रादौर निवासी मनीष, विक्की, सुरेश कुमार व रोशन लाल आदि ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा कस्बे की साफ सफाई के नाम पर लाखों रूपये खर्च किए गए हैं। मगर इसके बावजूद रादौर के हर चौक पर गंदगी पड़ी हुई देखी जा सकती है। उन्होंने बताया कि रादौर के रादौरी रोड पर गंदगी सड़क पर पड़ी रहती है। मगर नगर पालिका प्रशासन इसकी अनदेखी करने में लगा है। इस संबंध में कई बार स्थानीय लोग नपा अधिकारियों को इस संबंध में अवगत करवा चुके हैं। मगर अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि बारिश का मौसम शुरु हो चुका है। बारिश होने पर कस्बा में पड़े गंदगी के ढ़ेर बदबू में बदल जाएंगे और लोगों के स्वास्थ्य के लिए मुसीबत बन जाएंगे। उन्होंने नपा प्रशासन से कस्बा में पड़े गंदगी के ढ़ेर उठवाए जाने और सफाई व्यवस्था सुचारू रुप से करवाए जाने की मांग की।


**यमुनानगर।** रादौर में रादौरी मार्ग पर पड़े गंदगी के ढ़ेर को दिखाते स्थानीय नागरिक।

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस नेता प्रेम हिंगाखेड़ी ने भेंट की साइकिल

**शाहबाद।** मारकंडा नदी के किनारे बसी मारकंडा कॉलोनी की झुग्गी झोपड़ियां की रहने वाली काजल जोकि सरकार द्वारा प्रतिभावान बच्चों के लिए मिशन बुनियाद में सर्वोच्च स्थान हासिल करने के उपरांत नगर के कई राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता काजल को सहायता करने के लिए आए हैं। उसी कड़ी में कांग्रेस नेता प्रेम हिंगा खेड़ी ने काजल को एक साइकिल भेंट की है ताकि काजल को स्कूल जाने में दिक्कत का सामना न करना पड़े।

### तीसरी बार बनेगी भाजपा की सरकार: बलदेव सिंह

**कुरुक्षेत्र।** विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पंचकूला में भाजपा कार्यकर्ताओं की विशाल बैठक में कार्यकताअरं में होने वाले विधानसभा चुनाव के प्रति जबरदस्त जोश देखने मिला। कार्यकर्ता मीटिंग में उपस्थिति देने उपरांत कैंथला खुर्द के सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने बताया कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव को लेकर पूरे जोश में है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी से हरियाणा का प्रत्येक वर्ग खुश है और तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर नायब सैनी को फिर से मुख्यमंत्री देखना चाहता है।

### रक्तदान सबसे बड़ा दान : मिथुन समाना

**कुरुक्षेत्र।** रक्तदान करने से शरीर में किसी तरह की कोई कमजोरी नही आती अपितु हमारा रक्तदान किसी की जान बचा सकता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से रक्तदान करके पुण्य का भागीदार बन सकता है। मिथुन समाना ने बताया कि जैन हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र में दाखिल 1 महिला बहुत अधिक रक्तस्त्राव होने की वजह से जिंदगी मौत से जूझ रही है। इस आपात स्थिति में रक्त की जरूरत पड़ने पर वह स्वयं रक्तदान करने पहुंचे और रक्तदान किया। इस मौके पर डॉक्टर श्वेता सैनी, सुपरवाइजर संजीव वर्मा, प्रदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

### मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप लगाया

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा मजदूरों के लिए गांव कोल्हापुर में ईंट भट्ठे पर मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया जिसके तहत मजदूरों के स्वास्थ्य की जांच की गई। सीजेएम नितिन राज ने कहा कि इस कैंप का उद्देश्य मजदूरों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं दूर करना है।

### जरुरतमंद कन्या की शादी में किया सहयोग

**कुरुक्षेत्र।** इंसानियत ट्रस्ट ने झोपड़ी में रहने वाली एक जरुरतमंद कन्या की शादी में सहयोग कर समाज के अन्य लोगों को संदेश दिया है कि जरूरतमंद की मदद करने से भगवान भी प्रसन्न होते हैं। ट्रस्ट लगातार जरूरतमंदों की मदद करने के मिशन में लगा हुआ है। ट्रस्ट का प्रयास है कि हर जरूरतमंद की मदद की जाए। इसी कड़ी में ट्रस्ट ने एक झोपड़ी में रहने वाली जरुरतमंद कन्या की शादी में सहयोग कर संदेश दिया है कि जरूरतमंद की सेवा करना सबसे बड़ी सेवा है।

### धर्मनगरी से श्रीखाटू श्याम धाम के लिए बस सेवा शुरू

# कुरुक्षेत्र से धार्मिक स्थलों के लिए चलाई जा रही बस सेवा:सुधा

राज्यमंत्री ने श्रीखाटू श्याम धाम के लिए बस सेवा को हरी झंडी देकर किया रवाना





कुरुक्षेत्र। बस को झंडी दिखाकर रवाना करते राज्यमंत्री सुभाष सुधा व सिटी बस सेवा को झंडी दिखाकर रवाना करते राज्यमंत्री सुभाष सुधा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने रविवार को कुरुक्षेत्र जिले के श्रद्घालुओं की पुरानी मांग को पूरा करते हुए कुरुक्षेत्र नए बस स्टैंड से श्री खाटू श्याम धाम के लिए कुरुक्षेत्र रोडवेज की बस को हरी झंडी दिखाकार रवाना किया। इसके साथ-साथ उन्होंने रेजीडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन व विद्यार्थियों की मांग को पूरा करते हुए 1 सिटी बस को भी झंडी दिखाकर रवाना किया। यहां पहुंचने पर जीएम रोडवेज शेर सिंह ने मुख्यातिथि को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर राज्यमंत्री ने बस में सवार होकर खाटू श्याम का नारा लगाकर श्रद्घालुओं को बस की सौगात मिलने पर बधाई भी दी। राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने इस मौके पर कहा कि यह लोगों की पुरानी मांग थी, जो कि आज पूरी हो गई है। कुरुक्षेत्र नए बस स्टैंड से यह बस सुबह 8.30 बजे चलेगी और 152डी से होते हुए खाटू श्याम सायं 4 बजे पहुंचेगी। इस का किराया मात्र 435 निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में हैप्पी कार्ड योजना भी चलाई है, जिसके माध्यम से संबंधित लाभार्थी वर्ष में 1 हजार किलोमीटर निशुल्क यात्रा कर सकता है। हैप्पी कार्ड योजना से लाभार्थियों को काफी फायदा मिल रहा है। उन्होंने बताया कि श्री खाटू श्याम धाम के लिए जल्द ही एक ओर बस चलाई जाएगी।

**शहर में सिटी बस सेवा को भी किया शुरू**

*राज्यमंत्री ने सिटी बस की सौगात देते हुए कहा कि आरडब्लयूए व विद्यार्थियों की मांग पर नए स्टैंड से यह बस सेवा शुरू की गई है। यह बस नए बस स्टैंड से चलेगी और सेक्टर-13, 8, 7, 5, 4, 3, 2 से होते हुए उमरी चौंक पहुंचेंगी। यह बस प्रत्येक घंटे नए बस स्टैंड से यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेगी।*

कुरुक्षेत्र धर्मनगरी है, यहां पर श्रद्घालु देश-विदेश से आते है। यहीं पर अंतर्राष्टद्रीय गीता महोत्सव का आयोजन हर वर्ष किया जाता है। इससे पहले भी हरिद्वार सहित कई धार्मिक स्थलों के लिए बस सेवा शुरू की जा चुकी है। आने वाले समय में यदि किसी तीर्थ स्थल जाने के लिए बस सेवा की मांग की जाती है तो वह भी पूरा करने का मांग किया जाएगा। उन्होंने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह भी कहा कि यात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधा मिलें, इसके लिए परिवहन बेड़े में एसी बसों के साथ-साथ-साथ अन्य नई बसे खरीदकर यात्रियों को सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा यह सौगात देने के लिए कुरुक्षेत्र जिले की तरफ से उनका दिल की गहराईयों से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गत्त शनिवार को पंचकूला में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कार्यकताअरं की बैठक में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी और सरकार बनने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह ही होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह से इससे पहले कुरुक्षेत्र लोकसभा से सांसद थे, उनके साथ काम करने का उन्हें मौका मिला है और अब वह प्रदेश में मुख्यमंत्री है। सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास के सिद्घात पर प्रदेश सरकार कार्य कर रही है। इस मौके पर जीएम रोडवेज शेर सिंह, डीआईपीआरओ धर्मेंद शर्मा, एआईपीआरओ बलराम शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## सोशल मीडिया के नकारात्मक उपयोग से हार्ट अटैक की आशंका: डॉ. ममगाईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



डॉ. शैलेंद्र ममगाईं

सोशल मीडिया का उपयोग संतुलित तरीके से किया जाना चाहिए और इसका उपयोग केवल माध्यम के रूप में किया जाना चाहिए, न कि एक विकल्प के रूप में। यह कहना है पूर्व सिविल सर्जन एवं लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल के हृदय एवं छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेंद्र ममगाईं शैली का। उन्होंने यह जानकारी आज सोशल मीडिया दिवस के अवसर पर जनता को इसके सही पक्ष की जानकारी देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम के तहत दी। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया आधुनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है और फेसबुक ट्विटर, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे खुले मंचों ने आज इंसान की जीवन शैली को पूरी तरह से बदलकर रख दिया है। इन मंचों ने जहां विश्व के किसी भी कोने से जोड़ने में मदद की है, वहीं इनका अति उपयोग इंसान के व्यक्तिगत और सामाजिक संबंधों में भी तनाव भी ला रहा है। डॉ.शैली ने बताया कि दिनभर सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने की वजह से आजकल इंसान ने अक्सर अपने वास्तविक जीवन के रिश्तों को नजरअंदाज कर दिया है। डॉ. ममगाईं ने जनता से अपील की कि वह अपने वास्तविक जीवन में संबंधों को प्राथमिकता दे और समय प्रबंधन और व्यक्तिगत संपर्क को बढ़ावा दे, जिससे संबंध मजबूत और स्वस्थ बने रहें।



### राजयोगिनी सरोज का मनाया अलौकिक जन्मदिवस

कुरुक्षेत्र। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र सेवा केंद्र में राजयोगिनी सरोज दीदी का 36वां स्वर्णिम जन्म दिन प्रातः कालीन मुरली क्लास के बाद धूमधाम से मनाया गया। राजयोगिनी सरोज दीदी ईश्वरीय सेवा में 36 वर्षों से लगातार अपनी सेवाएं दे रही है। उन्होंने भौतिकता वादी संसार के सब सुख सुविधाओं को त्याग कर मर्यादित विश्व कल्याण के जीवन को अपना कर नारी शक्ति का गौरव बढ़ाया। इस दौरान सभी बीके भाई-बहन उन्हें अपनी शुभकामनाएं देने पहुंचे। मंच संचालन करते हुए बी.के शालू बहन ने बताया कि दिव्यता की मूर्ति, करुणा, दया, सहनशीलता, त्याग, तपस्या, संतुष्टता, विनम्रता, कोमलता, साद्या जीवन उच्च विचार आदि न जाने कितने गुणों की भंडार ऐसी अलौकिक आत्मा का जन्म लुधियाना की पावन भूमि पर मुंशी राम जी के घर हुआ। लौकिक में बहनों और एक भाई का अंग संग होने पर भी उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन प्रभु को अर्पित कर दिया। बचपन में उनके लौकिक माता-पिता ज्ञान में चलते थे।

## डॉ. दिनेश निंबड़िया बने हजरस के राज्य प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ के पूर्व राज्य कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश सरोहा ने बताया कि हजरस के तत्वावधान में डॉ अंबेडकर भवन महेंद्रगढ़ में एक दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतिनिधि अधिवेशन की अध्यक्षता राज्य प्रधान डॉक्टर दिनेश निंबडिया ने की। राज्य स्तरीय प्रतिनिधि अधिवेशन में मुख्य मार्गदर्शक के रूप में स्वतंत्र मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेंद्र जरोंडे व हजरस के फाउंडर नरेश कुमार ने वक्तव्य रखे। द्वितीय सत्र में राज्य कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें 22 जिलों के व 119 ब्लॉकों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया जिसमें दूसरी बार डॉक्टर दिनेश निंबडिया राज्य प्रधान, विनोद मोहड़ी राज्य महासचिव, दलबीर राठी संयोजक, राजेश पेटवाड़ को कोषाध्यक्ष व सूरत सिंह को वरिष्ठ उप प्रधान, नरेश फुले कुरूक्षेत्र प्रेस सचिव बनाया गया। होशियार सिंह वरिष्ठ उप प्रधान व सुरेश कुमार उप प्रधान महेंद्रगढ़ ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर प्रेम बकोलिया, सतपाल सिंह,खजान सिंह बडबड,सुबे सिह,प्रेम पाल चन्देल ज्योति मोरवाल,कमल किशोर, सुभाष हालू, नीरज भुक्कल, रमेश कुमार रंगा, रमेश थाना ,रामेश्वर लाल आदि मौजूद रहे।

## पूर्व सीएम हुड्डा की अगुवाई में कांग्रेस जीतेगी 70 सीट : बाबूराम तुषार

- शाहबाद से कांग्रेस टिकट के दावेदार बाबूराम तुषार ने हलके में बढ़ाई सरगर्मियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



**शाहबाद।** हलके में कांग्रेस की नीतियों का प्रचार प्रसार करते कांग्रेसी नेता बाबूराम तुषार।

दी कुरुक्षेत्र केंद्रीय सहकारी बैंक के पूर्व डायरेक्टर एवं शाहबाद विधानसभा से कांग्रेस की टिकट के दावेदार बाबूराम तुषार लूखी ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की अगुवाई में इस बार पार्टी प्रदेश में 70 सीट जीतकर एक इतिहास रचेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा जन-जन की आवाज हैं और उनकी अगुवाई में पार्टी ने एक अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में कांग्रेस पार्टी में भूपेंद्र सिंह हुड्डा का जो कद है। उन्होंने कहा कि अबकी बार कांग्रेस पार्टी 70 पार के नारे के साथ चुनावी मैदान उतरी है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा इस नारे को साकार करने के लिए पूरे दमखम के साथ फील्ड में उतर आए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने करनाल से विधानसभा चुनाव की शुरूआत कर दी है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी का 70 पार का नारा प्रदेश में नया रंग लाएगा और पार्टी प्रदेश में 70 सीट जीतेगी।

## नौजवानों को शिक्षा संग खेलों में भी भाग लेना चाहिए: हरमनदीप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक हरमनदीप सिंह विर्क ने कहा कि युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी भाग लेना चाहिए, क्योंकि स्वस्थ शरीर से ही स्वस्थ मन का विकास होता है। वे पिहोवा अनाजमंडी में आयोजित की गई क्रिकेट प्रतियोगिता में बतौर अतिथि पहुंचे थे। जिस प्रकार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के कार्यकाल में खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवाओं को नकद ईनाम देने के साथ-साथ नौकरी देने का प्रावधान भी किया था, लेकिन आज हमारे देश का दुर्भागय है कि खेलों में देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को धरने प्रदर्शनों को सहारा लेना पड़ रहा है। उन्होंने कहा खेलों में आने से युवा नशे, अपराधों से भी दूर रहता है। इस मौके पर पालाराम ,रणपाल सिंह , चिराग, अक्षय पूरी,सुरेंद्र सिंह , गुरदेव सिंह , हर्ष सिंह, सुखविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

## प्रत्येक जन शाहबाद की खुशहाली में करे सहयोग : सुभाष कलसाना

- गांव ठोल और मंधेड़ी में जनसंपर्क अभियान चलाया
- ग्रामीणों को केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ से अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



एबीवीपी के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व समाजसेवी सुभाष कलसाना ने शाहबाद के गांव ठोल और मंधेड़ी में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ से अवगत कराया आज लाभार्थी तक सीधा योजनाओ का लाभ पहुंच रहा है। पिछले साल बारिश के कारण शाहाबाद में बाढ़ जैसे हालात बन गए थे जिससे लोगो को काफी परेशानी और नुकसान का सामना करना पड़ा था। अभी मानसून दस्तक देने वाला है इसीलिए भविष्य में ऐसे हालात ना पैदा हो इसको लेकर ग्रामीणों से चर्चा की। वही राज्य सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यो को लेकर भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने लोगो को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया और आमजन को नशा मुक्त शाहबाद मा. मुहिम में सहयोग करने और पर्यावरण की खुशहाली के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए आहवान किया। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति चेयरमैन कृष्ण पांचाल,ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमरजीत ढांगी, निर्मल विर्क, कृष्ण धीमान, गुलशन निम्मा, गौरव सैनी, विनोद कुमार, संजीव वर्मा आदि मौजूद रहे।

## मुशायरे में शायरों ने गजल पेश करके लोगों को मंत्रमुग्ध किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

इबारत लेखक कला मंच चंडीगढ़ व हरियाणा कला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में दीपक देव कुरूक्षेत्र का युवा कवि था उनकी याद में हरियाणा कला परिषद के कला कीर्ति भवन में मुशायरा आयोजित किया गया। मुशायरे की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित करके और पुष्प अर्पित करके आरंभ की गई दीप प्रज्ज्वलित शम्स तबरेजी, नवीन नीर,सूबे सिंह सुजान, अशोक नूर, गायत्री कौशल आर्य और दीपक देव के परिवार के सदस्यों द्वारा किया गया। मुशायरे में चंडीगढ़ से शायरों में सुशील हसरत नरेलवी, नवीन नीर, उर्मिल सखी, नवीन गुप्ता नवी, जगाधरी यमुनानगर से अशोक नूर आदि शामिल रहे।

## प्रयास फाउंडेशन के प्रधान बने नरेश सैनी, प्रो. सुशीला बनी महिला प्रधान

- प्रोफेसर रितु बेनीवाल को उप प्रधान मनोनीत किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र।



कुरुक्षेत्र। प्रयास फाउंडेशन के नवनियुक्त पदाधिकारी।

प्रयास फाउंडेशन शाखा कुरुक्षेत्र की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। वर्ष 2000 से अस्तित्व में आई प्रयास फाउंडेशन के संस्थापक सेवानिवृत भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी श्रीकांत जाधव है। प्रयास का कार्य नशा मुक्त अभियान से जुड़ा हुआ है। प्रयास की प्रधान प्रोफेसर सुशीला चौहान की अध्यक्षता में प्रयास कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय विधि संकाय की निदेशक प्रोफेसर सुशीला चौहान को महिला प्रधान मनोनीत किया जबकि राजकीय महाविद्यालय रादौर की प्रोफेसर रितु बेनीवाल को उप प्रधान मनोनीत किया गया। इसके साथ ही पुरुष वर्ग में नरेश सैनी को प्रधान चुना गया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. एमएम सिंह को उप प्रधान तथा शिक्षक एवं समाजसेवी भारतेन्दु हरीश को भी उप प्रधान बनाया गया। कुलदीप सिंह किरमच को महासचिव और सेवानिवृत पुलिस उप निरीक्षक कर्म चंद को कोषाध्यक्ष एवं प्रवीण कुमार को सह कोषाध्यक्ष चुना गया।

### सभी ड्रेनों व नाले-नालियों से गंदगी निकालना करें सुनिश्चित

# सफाई व्यवस्था में कोताही बरतने पर होगी कार्रवाई :सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा।

शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि सफाई व्यवस्था के तहत ड्रेनों की सफाई, नालों की सफाई या सफाई व्यवस्था से संबंधित कोई भी शिकायत यदि उनके संज्ञान में आई तो संबंधित विभाग के अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सफाई व्यवस्था के मामले में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। राज्यमंत्री सुभाष सुधा रविवार को नए बस स्टैंड कुरुक्षेत्र से श्री खाटू श्याम धाम के लिए बस को हरी झंडी दिखाने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। शहरी स्थानीय निकास राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने अधिकारियों को स्पष्टद्द चेताया कि अधिकारी या कर्मचारी एसी में ना बैठे बल्कि धरातल पर यानि फील्ड में उतरकर सफाई व्यवस्था के कार्य को दुरुस्त करवाएं। उन्होंने यह भी कहा कि मानसून किसी भी समय आ सकता है, इसलिए सभी ड्रेने, नाले, नालियां की सफाई व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए। उन्होंने स्वयं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर यह कार्य दुरुस्त करने के निर्देश दिए है। अगर अब भी कहीं पर सफाई व्यवस्था के कार्य में कोई कमी नजर आई तो संबंधित अधिकारी व कर्मचारी अपने आपको सस्पैंड समझे। जनता के प्रति हमारा दायित्व है और जनप्रतिनिधि के नाते मेरी जवाबदेही भी बनती है, इसलिए सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था के कार्य को दुरुस्त करवाएं। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए यह भी बताया कि ग्ररुग्राम, करनाल व अंबाला में उन्होंने सफाई व्यवस्था के कार्य में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी अमल में लाई है। उन्होंने सिंचाई विभाग, हैरिटेज सरस्वती बोर्ड, जनस्वास्थ्य विभाग, नगर परिषद के अधिकारियों को स्पष्टद्द निर्देश दिए है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाली ड्रेनों व अन्य की सफाई करवाना सुनिश्चित करें। इसके लिए उन्हें पहले से ही निर्देश दिए जा चुके है। उन्होंने कहा कि थानेसर नगर परिषद व लाडवा, पिहोवा, शाहबाद, इस्माईलाबाद नगर पालिका के अंतर्गत आने वाले सभी नाले-नालियों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए।

खबर संक्षेप

## अभियान के तहत लगाए गए 500 पौधे

**अंबाला।** सनातन मंच सेवा सभा द्वारा 500 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी कड़ी में भारतीय योग संस्थान गीता नगरी, शाखा अंबाला शहर के कृष्ण कुमार के सहयोग 20 पौधों को पानी दिया तथा 10 नए पौधे लगाए गए। पौधरोपण कार्यक्रम में मंच के प्रधान देविंदर शर्मा, सचिव महेश दत्त वशिष्ट, बंसी लाल कपूर, प्रमोद शर्मा, डॉ एस.एन जायसवाल, संत वर्मा, रजिंदर कुमार, विजय शर्मा, सतीश भारद्वाज, एस.सी. मित्तल, कृष्ण नंद यादव, श्री सतिंदर भार्गव ने पौधारोपण किया।

## ब्राह्मण सभा की हुई मासिक बैठक

**अंबाला।** भगवान परशुराम मंदिर पिपली बाजार में महीने के अंतिम रविवार को हवन यज्ञ किया गया एवं चाय प्रसाद वितरित किया। तत्पश्चात जिला ब्राह्मण सभा की मासिक बैठक आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता दविन्द्र शर्मा, चेयरमैन द्वारा की गई। बैठक में सभा की आगामी गतिविधियों, नए सदस्यों को सभा से जोड़ने तथा आने वाले त्योहारों एवं कार्यक्रमों को मनाने की तैयारियों बारे चर्चा हुई।

## श्री शिव परिवार के मूर्ति स्थापना कार्यक्रम 5 को

**बराड़ा।** श्री लक्ष्मी नारायण व श्री शिव परिवार के मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ 5 जुलाई 2024 को कलश यात्रा से होगा, जो शाम 5 बजे अधोया खेड़ा मंदिर से शुरू होकर पुष्पा विहार में समाप्त होगी। कथा का आयोजन 6 जुलाई 2024 से 12 जुलाई 2024 तक शाम 4:30 से 7 बजे तक श्री लक्ष्मी नारायण धाम, पुष्पा विहार में होगा। इस ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास लोकेंद्र महाराज प्रवचन करेंगे। इस धार्मिक आयोजन का समापन 12 जुलाई 2024 को दोपहर 1 बजे भंडारे के साथ होगा।

## रंजिशन हमला करने पर पांच पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव सिंगवाल में रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सिंगवाल निवासी विक्रम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी पड़ोसी इंद्र परिवार से रंजिश चली आ रही है। गत दिवस वह बैल लेकर पशुबाडे. से घर आ रहा था। उसी दौरान इंद्र परिवार ने उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई।

## एडमिशन के अंतिम दिन छात्रों ने किए आवेदन

**उचाना।** कॉलेजों में ऑनलाइन दाखिले के लिए 25 से बढ़ाकर की गई 30 जून के अंतिम दिन ऑनलाइन आवेदन विद्यार्थियों ने दाखिलों को लेकर किए गए। यहां पर राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना, रेलवे रोड स्थित एसडी महिला कॉलेज में दाखिलों को लेकर विद्यार्थी पहुंचे। हरियाणा सरकार के उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार विद्यार्थी 30 जून तक दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते थे।

### सीएम नायब ने गरीबों की समस्या दूर करने का लिया संकल्प :गोयल

# मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों को किया सम्मानित

**परिवहन मंत्री असीम गोयल ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन वितरण, डॉ. बीआर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना का लाभ पहुंचाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। दिव्यांगों को सर्टिफिकेट प्रदान करते परिवहन मंत्री असीम गोयल।

पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के सभागार में रविवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशन वितरण, डॉ. बीआर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि परिवहन मंत्री असीम गोयल ने शिरकत की। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि नायब सरकार निरंतर नायाब काम करते हुए गरीब व आमजन के हित में काम कर रही है। पात्र लोगों को सीधे लाभ मिल रहा है। गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह ने गरीब और पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के जीवन की कठिनाई दूर करने का नायाब संकल्प लिया है। बुजुर्ग, दिव्यांग, विधवा, विदुर व अविवाहित को सरकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है। पेंशन की राशि सीधे पात्र व्यक्ति के खाते में पहुंचती है। प्रदेश पूरे भारत में सबसे ज्यादा वृद्धावस्था पेंशन देने वाले राज्यों में शामिल है। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत लाभ दिए जा रहे हैं। पूर्व सरकार की इस योजना को 16 साल बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह ने सुलझाया और लोगों को प्लॉट वितरित किए। इसके अतिरिक्त जिन ग्राम पंचायतों में प्लॉट के लिए जमीन नहीं है, वहां प्लॉट खरीदने के लिए 1 लाख रुपये की राशि के अधिकार पत्र दिए जा रहे हैं। इसके साथ-साथ डॉ. बीआर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के अंतर्गत मकान की मरम्मत के लिए 80 हजार रुपये दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह प्रदेश के आमजन को ध्यान में रखकर हर दिन विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास कर रहे हैं।

### हैप्पी योजना से लोग उठा रहे लाभ

परिवहन मंत्री ने कहा कि आचार संहिता हटने के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह ने सबसे पहले जिस योजना के लाभार्थियों को कार्ड वितरित किए वह हैप्पी स्कीम है। अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी) कार्ड से व्यक्ति 1 हजार किलोमीटर तक मुफ्त यात्रा कर सकता है। एक लाख रुपये तक पारिवारिक आय वाला प्रत्येक व्यक्ति आवेदन कर सकता है। परिवार में जितने सदस्य हैं, सभी का कार्ड बनेगा और 1 हजार किलोमीटर मुफ्त सफर कर सकेंगे। योजना के पात्र लाभार्थियों को स्मार्ट कार्ड वितरित किए जाते हैं, जिसे हरियाणा रोडवेज की बसों में दिखाकर मुफ्त सफर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के 23 लाख परिवारों के 84 लाख लोग आते हैं। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग पेंशन के दो लाभार्थी भी पहुंचे थे। इनके सम्मान की बारी आई तो परिवहन मंत्री असीम गोयल मंच से नीचे उतरकर लाभार्थियों के बीच पहुंचे। उन्होंने पहले मलकीत कौर को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीसी डॉ. शालीन ने पर्यावरण का प्रतीक पौधा देकर मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री असीम गोयल को सम्मानित किया। वहीं एडीसी अपराजिता ने भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा को पौधा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सीईओ जिला परिषद नवीन आहूजा, एसडीएम दर्शन कुमार, डीडीपीओ दिनेश कुमार, अरविंद्रजोत सिंह, भाजपा नेता संजीव गोयल टोनी, कर्मचदं , प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतप्रकाश बिंजलपुर मौजूद रहे।

# बिजली की शिकायतों पर अब होगी तुरंत कार्रवाई

**पंचकुला जोन के तहत आने वाले चार जिलों के उपभोक्ताओं की सुनी जाएंगी शिकायतें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्ण उपभोक्ता संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप में सुलझाया जा सके। बिजली निगम के प्रवक्ता ने बताया कि जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रेगुलेशन 2.8.2 के अनुसार प्रत्येक मामले में 1 लाख रुपये से अधिक और 3 लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा। पंचकूला जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों (कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, कैथल और यमुनानगर) के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण 1, 8, 15 और 22 जुलाई को जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच, पंचकूला में उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। पंचकूला जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों के उपभोक्ताओं के गलत बिलों, बिजली की दरों से सम्बंधित मामलों, मीटर सिक्योरिटी से जुड़े मामलों, खराब हुए मीटरों से संबंधित मामलों, वोल्टेज से जुड़े हुए मामलों का निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान बिजली चोरी, बिजली के दुरूपयोग और घातक गैर-घातक दुर्घटना आदि मामलों पर विचार नहीं किया जाएगा। उपभोक्ता और निगम के बीच किसी भी विवाद के निपटान के लिए फोरम में वित्तिय विवादों से संबंधित शिकायत प्रस्तुत करने से पहले पिछले छह महीनों के दौरान उपभोक्ता द्वारा भुगतान किए गए बिजली के औसत शुल्क के आधार पर गणना की गई प्रत्येक माह के लिए दावा की गई राशि या उसके द्वारा देय बिजली शुल्क के बराबर राशि, जो कम है, उपभोक्ता को जमा करवानी होगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान उपभोक्ता को प्रमाणित करना होगा कि यह मामला अदालत, प्राधिकरण या फोरम के समक्ष पेंडिंग (लंबित) नहीं है। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं से अपील करता है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए 1, 8, 15 और 22 जुलाई को यूएचबीवीएन के मुख्यालय में समस्याओं का समाधान करवाएं।

# व्यापारियों के लिए कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

- कांग्रेसी नेता विनोद धीमान बोले किसानों को बेवजह बदनाम कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। मीडिया से बातचीत करते कांग्रेसी नेता। *फोटो : हरिभूमि*

कांग्रेस नेता विनोद धीमान ने बताया कि आने वाले वीरवार को कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार के आदेशों से बंद हरियाणा- पंजाब बॉर्डर को खुलवाने के लिए एक सांकेतिक धरना कालका चौक अंबाला शहर में करेगी। इसकी अध्यक्षता कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री चौधरी निर्मल सिंह करेंगे। धीमान ने कहा की सरकार के द्वारा हरियाणा- पंजाब शंभू बॉर्डर बंद करने से कपड़ा मार्केट, मिक्सी उद्योग, मनियारी मार्केट के व्यापारियों के साथ साथ इन उद्योगों से जुड़े हुए छोटे कर्मचारियों को भी नुकसान हो रहा है। उनकी नौकरी व रोजी रोटी पर भी बादल मंडराने लगे हैं उन्होने कहा कि रोड बंद होने से सभी उद्योग वर्ग से जुड़े लोग को रोजी रोटी की चिंता सता रही है। एक तरफ जहां व्यापारियों को लोन की क़िस्त चुकाना मुश्किल हो गया है वही इनके पास काम करने वाले कर्मचारी भी बेरोजगार हो गए हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसान अपनी बात दिल्ली जा कर केंद्र सरकार के पास रखना चाहते हैं तो किसानों को अपनी बात रखने देना चाहिए सरकार बेवज़ह रास्ता रोके बैठी है। धीमान ने कहा की चौधरी निर्मल सिंह जी हमेशा हर वर्ग की बात सुनते रहे हैं। इस धरने के माध्यम से वो प्रदेश की गूंगी बहरी सरकार को जगाने के साथ साथ व्यापारियों कर्मचारियों को हो रहे नुकसान के बारे में आवाज उठाएंगे।इस अवसर पर पूर्व निगम सदस्य धर्मपाल चड्डा, सतीश सैनी,बलजिंदर सिंह,सरदार महिंदर सिंह,पूर्व सरपंच दविंदर मान,वेद बख्शी,अशोक वर्मा,नवाब अली,सोनू आनंद,अजीत सिंह,दीपक कोहली,नरेश कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

# निरोग रहने के लिए दिनचर्या में योग को करें शामिल

- भारतीय योग संस्थान की ओर से आयोजित हुआ निशुल्क योग शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



नारायणगढ़। भारतीय योग संस्थान के आयोजित शिविर में योग करते साधक।

भारतीय योग संस्थान द्वारा श्री सनातन धर्म महावीर दल के सहयोग से पांच दिवसीय निशुल्क मधुमेह रोग एवं योग शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर नगरपालिका चेयरपर्सन रिंकी वालिया एवं पूर्व चेयरमैन अमित वालिया ने किया। बता दें कि यह योग शिविर 3 जुलाई तक हनुमान वाटिका में सांय 5 से 6 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में पहुंचने पर श्री सनामन धर्म महावीर दल के उपप्रधान रामेश्वर शर्मा व विनोद वर्मा एवं आदर्श गुप्ता, महासचिव राजेश वर्मा तथा एडवोकेट अरविन्द्र अरोड़ा, ओमप्रकाश आहुजा सहित अन्य सदस्यों ने चेयरपर्सन, पूर्व चेयरमैन एवं योग साधकों का स्वागत किया। चेयरपर्सन रिंकी वालिया ने कहा कि योग करके व्यक्ति निरोग रह सकता है और योग के कारण ही दुनिया में भारत को एक नई पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन योग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग करने से व्यक्ति मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहता है। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन अमित वालिया ने कहा कि योग/प्राणायाम का महत्व हमारे प्राचीन ग्रंथो में भी बताया गया है। यह हमारे स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है। आज पूरा विश्व योग को अपना चुका है। प्रधान संजय धीमान ने बताया की आई हुई भारतीय योग संस्थान कृष्णा जिला के पदाधिकारीयों की टीम जिसमें प्रधान सुरेंद्र अरोड़ा, उपप्रधान रामनाथ कपूर, जॉन प्रधान सुनीता वशिष्ठ और विमल के द्वारा सभी योग साधकों को मधुमेह के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और योगासन करवाएं। रिंकी वालिया से यहां एक योग एवं व्यायामशाला खोलने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस बारे में नगरपालिका की हाउस की अगली बैठक में एक प्रस्ताव पास करवाया जाएगा। उपप्रधान रामेश्वर शर्मा ने कहा कि हमें अपने जीवन में योग को दैनिक क्रिया के रूप में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसका प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभ हमें जीवन में अवश्य मिलता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में भारतीय योग संस्थान के केंद्र प्रमुख डॉक्टर राजेश, मानसिंह, संयोजक लाजपत, महिला केंद्र प्रमुख मनजीत, नीलम, अनु, प्रिंसिपल सुधीर कुमार, ब्लू बेल्स स्कूल से गुलशन, गीतांजलि और दीप्ति, सुदेश, संतोष, रामप्रसाद धीमान, हरजिंदर, सुरेश सचदेवा मौजूद रहे।

# अंडरपास में आवागमन करने वालों के लिए रेलवे ने लिखा चेतावनी संदेश

- अंडरपास में लाल रंग की बनाई गई लाइन
- लाल रंग तक पानी पहुंचा तो अंडरपास से गुजरना खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना




उचाना। अंडरपास में बारिश का पानी भरने को लेकर लिखा चेतावनी संदेश।

बारिश के मौसम में अंडरपास में भरने वाले पानी के चलते किसी तरह की परेशानी वाहन चालकों को न हो इसको लेकर रेलवे द्वारा उचाना कलां के अंडरपास में वाहन चालकों के लिए कितना पानी अंडरपास में हो तो गुजरे को लेकर चेतावनी लिख कर जानकारी दी गई। यहां पर लाल रंग की लाइन बनाई गई है।

चेतावनी में लिखा गया है कि इस लाइन तक पानी पहुंच गया तो पुल का उपयोग वाहन चालकों के लिए खतरनाक हो सकता है। दोनों तरफ से अंडरपास में आने से पहले ये चेतावनी दीवार पर लिखी गई है। वाहन चालक खुशीराम, बलजीत, जगबीर ने कहा कि अंडरपास में बारिश में पानी भर जाता है। पानी कितने फीट तक है इसका पता नहीं होता है। पानी 'यादा होने पर वाहन का इंजन तक खराब हो जाते है। 'यादा पानी के चलते पानी के अंदर ही रूक जाते है। रेलवे द्वारा जो चेतावनी लिख कर लाइन दीवार पर बनाई है उससे अंदाजा आ जाता है कि कितने फीट तक पानी अंडरपास में है। कितना पानी होने के बाद अंडरपास से वाहन चालक न आवागमन करें। बारिश के मौसम से पहले रेलवे द्वारा अंडरपास पर लाल लाइन बनाने के साथ चेतावनी संदेश पानी को लेकर लिख कर सही किया है।

## शिक्षा के नाम पर भाजपा कर रही बच्चों का शोषण

**बराड़ा।** इनेलो के युवा नेता धर्मवीर बराड़ा ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। चाहे पेपर लीक हो या फर्जी दाखिले हो, चाहे बच्चे को मिलने वाला वजीफा हो। भाजपा सरकार कुछ भी सुचारु रूप से नहीं चला सकी है। उन्होंने कहा कि 4 लाख बच्चों के नाम पर सरकारी खजाने से लाखों करोड़ों रुपये का फर्जीवाड़ा किया गया है। भाजपा सरकार शिक्षा के नाम पर बच्चों का शोषण कर रही है। भाजपा अनुसूचित जाति के बच्चों को उनका वजीफा तक सही से नहीं दिया गया। हाल ही मे सीबीआई ने 3 एफआईआर दर्ज की है जिसमें साल 2014 से 2016 तक लगभग 4 लाख बच्चों का फर्जी दाखिला दिखाया है।

# अमरनाथ के लिए बस रवाना, 8 को लौटेंगे

- रवानगी से पहले श्रद्धालुओं ने हवन में डाली आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुगण। *फोटो : हरिभूमि*

महाराणा प्रताप चौक से आज अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का एक जत्था रवाना हुआ। सेवादार राजेश ने बताया कि पिछले लगभग 1 महीने से इस यात्रा की तैयारी चल रही थी। यात्रा में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए सभी श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन और मेडिकल पहले ही करवाया गया है। इस यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह था। नागा बाबा शिव मंदिर में सुबह हवन यज्ञ किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया तथा विधि-विधान से बस की रवानगी की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच जसबीर सिंह ने कहा कि सरकार ने श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए इस बार यात्रा का आयोजन बहुत ही सुरक्षित माहौल में किया है। बस में रवाना होने से पहले श्रद्धालुओं ने केंद्र सरकार के प्रयासों की सहाराना करते हुए बाबा बर्फानी के जयकारे लगाते हुए सुखद यात्रा की कामना की। इस अवसर पर अविनाश, रिंकू, दर्शन, रवि, बलकार, मुन्नीलाल, दिनेश शर्मा, शिव शर्मा, परवीन कुमार सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजकों के अनुसार यह बस श्रद्धालुओं को बाबा बर्फानी के दर्शन कराते हुए वापिस 8 जुलाई को पहुंचेगी।

## गोमांस के संदेह में पकड़ी गाड़ी में निकला मुर्गो का अवशेष

**जींद।** नरवाना पुराना बस अड्डे पर गोमांस तथा हड्डियों के संदेह में पकड़ी पिकअप गाड़ी मे मछली पालन में चारे के रूप में प्रयोग किए जाने वाले मुगार्ें के अवशेष निकले। हालांकि पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ गो संवर्धन एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया था। नरवाना पुराना बस अड्डा के निकट पंजाब की तरफ से आ रहा लोड पिकअप गाड़ी चालक पंक्चर लगवा रहा था। लोड माल से बदबू आ रही थी। जब लोगों ने गाड़ी मे देखा तो उसमें मास तथा हड्डी के अवशेष थे। जिनका चूरा किया हुआ था। जिसके साथ पिकअप मे मास तथा गोवंश की बात फैल गई। काफी संख्या में लोग भी एकजुट हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पिकअप को अपने कब्जे में ले लिया। पिकअप चालक ने मछलियों का चारा बताया लेकिन वहां मौजूद लोग अपनी बात पर अड़े रहे। हालातों को देखते हुए पुलिस ने गाव दनौदा कलां निवासी सुशील की शिकायत पर पिकअप चालक राहुल के खिलाफ गो संवर्धन समेत विभिन्न धाराओं तहत मामला भी दर्ज कर लिया। रविवार को पशु चिकित्सकों ने पिकअप में लोड की जांच की तो वह मुर्गों के अवशेष पाए गए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## तलहेड़ी रागड़ान के पूर्व सरपंच पर केस दर्ज

**बराड़ा।** ग्राम पंचायत तलहेड़ी रागड़ान के पूर्व सरपंच हरीश कुमार पर वाल्मीकि चौपाल के लिए मिली 4 लाख रुपये की ग्रांट में से 3,66,293 रुपये गबन करने का आरोप लगा है। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ने सरपंच के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। शिकायत में कहा कि ग्राम सचिव यशपाल की ड्यूटी के दौरान ग्राम पंचायत को वाल्मीकि चौपाल के लिए 4 लाख रुपये की ग्रांट प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता गुरदीप सिंह द्वारा की गई शिकायत के अनुसार पूर्व सरपंच हरीश कुमार ने उक्त राशि का गबन किया है। जांच के दौरान कनिष्ठ अभियंता मनीष कुमार द्वारा दी गई रिपोर्ट में पाया गया कि केवल 33,707 रुपये ही वाल्मीकि चौपाल पर खर्च किए गए हैं। शेष 3,66,293 रुपये का गबन पूर्व सरपंच द्वारा किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### डंपर व भारी वाहनों से स्लैबों को पहुंचा नुकसान

# अंडरपास के अंदर लगे स्लैब से टूटने से हादसों का डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। रेलवे अंडरपास के अंदर टूटी हुई स्लैब का दृश्य। *फोटो : हरिभूमि*

तंदवाल-बराड़ा रोड़ पर बंसतपुरा के पास बने रेलवे अंडर पास के अंदर की कई स्लैब टूट जाने के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अंडर पास की खराब स्थिति के कारण वाहनों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न हो रही है। ऐसे में जब भी लोग रेलवे के अंडर पास से गुजरते है तो रेलवे व सरकर को कोसते है। यह समस्या पिछले लगभग तीन महीने से ओर भी ज्यादा विकराल हो चुकी है लेकिन फिर भी रेलवे इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रही है। अंडरपास के अंदर से एक साईड में तो स्लैब को हटा दिया गया था लेकिन अब वहां पर स्लैब इस प्रकार से रखी गई है। इससे किसी भी वाहन का गुजरना मुश्किल है। कई स्लैब टूट चुकी है तो कई नीचे बैठ चुकी है। इन टूटी व नीचे बैठ चुकी स्लैब के कारण रात्रि के समय में किसी भी वाहन चालक को चोट लग सकती है। ऐसे में अंडरपास में केवल एक ही साइड की ट्रैफिक चल रही है। दूसरी साइड में स्लैब के टूटने की वजह से वाहन नहीं निकल पा रहे हैं। माना जा रहा है कि भारी लोड वाले डंपरों, ट्रकों व ट्रैक्टर-ट्रालियां के चलने के कारण ही इन स्लैब का यह हाल हुआ है। ऐसे में यह टूटी स्लैब वाहन चालकों के लिए मुसीबत बनी हुई है। अंडरपास में दोनों साईड भरी मिट्टी की भी सफाई नहीं की जा रही है।

### कट जाएंगे दर्जनों गांव

बरसात का मौसम सिर पर है लेकिन रेलवे अधिकारियों को इससे कोई सरोकार नहीं है। अगर इसमें पानी भर जाता है तो इसमें से गुजरना बेहद ही खतरनाक हो सकता है क्योंकि पानी के भर जाने के बाद यह ही पता नहीं चलेगा कि इसमें गढड़े कहां है? ऐसे में अप्रिय घटना घट सकती है। वैसे अगर इसमें पानी भर जायेगा तो तंदवाल, तंदवाली, चहलमाजरा, दादूपुर, सज्जनमाजरी, राऊमाजरा, राजोखेड़ी, सुभरी सहित दर्जनों गांवों का संपर्क मुख्य बाजार से कट जाएगा।

### रेलवे नहीं दे रहा ध्यान

यहां रहने वाले लोग और वाहन चालकों ने बताया कि अगर जल्द ही इसकी मरम्मत नहीं की गई तो आने वाले बरसात के मौसम में अंडर पास में पानी भर सकता है, इससे यह पूरी तरह से बंद हो जाएगा। अंडर पास में पानी भरने की स्थिति में इलाके के लोगों को और भी अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। अंडर पास की स्थिति को देखते हुए लोगों ने प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप करने और आवश्यक मरम्मत कार्य करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि समय रहते उचित कदम उठाने से अंडर पास को बड़े नुकसान से बचाया जा सकता है। लोगों की परेशानियों को कम किया जा सकता है।